# चैंबर ने रांची मास्टर प्लान में सुधार को लेकर बनायी रणनीति

## नक्शा पास कराने में हो रही परेशानी पर चर्चा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रियल एस्टेट एंड अर्बन डेवलपमेंट तथा बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन उप समिति की बैठक बुधवार को चैंबर भवन में उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर, आलोक सरावगी और रोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामियों के कारण नक्शा पास करने में होनेवाली परेशानियों पर पर चर्चा की गई। मास्टर प्लान में सुधार के लिए दिये गये आवेदनों पर कार्रवाई नहीं होने पर भी सदस्यों ने चिंता जताई। बैठक में सहमति बनी कि जल्द ही चैंबर नगर प्रशासक से मिलकर इसपर कार्रवाई का आग्रह किया जायेगा।

**उप समिति नगर विकास सचिव को करेगी पत्राचार** : वर्तमान में केवल एक वर्ष के लिए बिल्डर रजिस्ट्रेशन मिलने पर असंतोष जताते हुए कहा कि बिल्डर रजिस्ट्रेशन तीन वर्ष का मिलना चाहिए। उप समिति ने इस मामले में नगर विकास विभाग के सचिव को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। एक ही बिल्डर रजिस्ट्रेशन से प्रदेश के सभी निकायों में काम की अनुमति मिलनी चाहिए। अलग-अलग जगहों के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन लेने से कठिनाईयां होती हैं।

### बालू की कमी से प्रोजेक्ट रह जा रहे अधूरे, सरकार करे समीक्षा : अंचल

उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर ने कहा कि बालू की कमी के कारण एक ओर जहां संवेदक, डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं मजदूरों का भी पलायन हो रहा है। सरकार को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। सर्किल रेट की दरों में प्रत्येक दो वर्ष में होनेवाली बढ़ोत्तरी पर भी सदस्यों द्वारा चिंता जताई गई और कहा गया कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए।

जून के प्रथम सप्ताह में उप समिति के सदस्यों ने नॉलेज टूर का आयोजन करने की सहमति बनाई है। निर्णय लिया गया कि पहला टूर हैदराबाद में होगा, उप समिति चेयरमेन आलोक सरावगी ने कहा कि नॉलेज टूर के माध्यम से हमारी टीम हैदराबाद में किये गये या होनेवाले निर्माण कार्यों, प्रोजेक्ट्स, इंफ्रास्ट्रक्चर को देखेगी। यह टूर नियमित रूप से होगा, हम प्रयास करेंगे कि इस टूर का लाभ झारखंड को मिले।

मौके पर कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, सदस्य मुकेश पाण्डे, अमित अग्रवाल, विकास मोदी शामिल थे।

# झारखंड में हीट वेव की चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य के मौसम में एक बार फिर से गर्मी का एहसास शुरू हो गया है। आंशिक बादल के साथ ही तापमान में वृद्धि से लोगों को गर्मी और उमस का एहसास हो रहा है। तापमान में वृद्धि से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले 19 मई तक राज्य के अधिकांश जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं, 20 मई से राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ थंडरिंग की संभावना व्यक्त की गयी है। केंद्र के अनुसार 20 मई से राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य हिस्से में बारिश की संभावना है। इसमें देवघर, गिरिडीह, धनबाद, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज है। इसके साथ ही इन इलाकों में तेज गति से हवा चलने की भी जानकारी दी गयी है। केंद्र की मानें तो 19 मई तक राज्य के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जायेगी। जो पांच डिग्री तक की वृद्धि होगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा।

राजधानी रांची की बात करें तो 20 मई तक राजधानी में आंशिक बादल छाये रहने की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि 18 मई तक राजधानी का तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की जानकारी दी गयी है।

**बढ़ेगा रांची का अधिकतम और न्यूनतम तापमान** : संताल परगना के दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में भी 19 मई को कुछ जगहों पर हिट वेब की स्थिति रहेगी।

# इडी ने नापी न्यूक्लियस मॉल की जमीन कागज पर डिटेल्स लिख साथ ले गये

## इडी ने न्यूक्लियस मॉल का सर्वे शुरू किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में आरोपी विष्णु अग्रवाल के मालिकाना हक वाले न्यूक्लियस मॉल का इडी ने सर्वे शुरू कर दिया है। इडी की टीम विष्णु अग्रवाल के प्रॉपर्टी का मूल्यांकन कर रही है। विष्णु अग्रवाल जमीन घोटाले मामले में आरोपी हैं, फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर हैं।

**इडी ने एक-एक इंच नाप डाला**

बुधवार की दोपहर इडी की एक टीम रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित न्यूक्लियस मॉल पहुंची। न्यूक्लियस मॉल में आकर इडी के अधिकारियों ने पूरा मूल्यांकन किया। जमीन की पूरी मापी की और पूरा डिटेल लेकर अपने साथ कार्यालय ले गये।



**जमीन घोटाला में संलिप्तता के साक्ष्य मिलने पर हुए थे गिरफ्तार** : झारखंड-बंगाल के बड़े जमीन कारोबारी और न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को इडी ने 31 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। इडी ने कोर्ट में बताया था कि विष्णु अग्रवाल जमीन घोटाला से लाभांवित होने वाले प्रमुख व्यक्ति हैं। विष्णु अग्रवाल अपने प्रभाव से अफसरों से मनमर्जी का काम लेते थे।

### चेशायर होम रोड समेत कई जमीन में फर्जीवाड़ा

विष्णु अग्रवाल के खिलाफ जांच में ईडी को काफी तथ्य मिले थे, इडी ने पाया था कि चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की खरीद फर्जी दस्तावेजों से हुई थी। सेना की सिरमटोली की जमीन भी गलत दस्तावेज के आधार पर की गई थी। वहीं पुगडु में 9.30 एकड़ जमीन की खरीद बिक्री में भी गलत दस्तावेजों का उपयोग हुआ था। इसके अतिरिक्त खासमहल जमीन के लिए पहले जहां जमीन मालिक आशीष कुमार गांगुली ने सरकार को लीज का आवेदन दिया था, वहीं बाद में इस जमीन की रजिस्ट्री फर्जी तरीके से विष्णु अग्रवाल के पक्ष में कर दी गयी।

## खबर एक नजर में

### सारंडा प्रदूषण मामले में सरकार को हाईकोर्ट में जवाब देने का मिला आखिरी मौका

**रांची।** सारंडा जंगल में खनन और आयरन से हो रहे प्रदूषण को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार की ओर से बार-बार समय मांगे जाने पर नाराजगी जताई। अदालत ने सरकार को अंतिम मौका देते हुए कहा कि सरकार यह बताए कि जंगल में रखे गए आयरन को कैसे हटाया जाएगा। इसको लेकर क्या प्रक्रिया अपनाई जाएगी। मामले में अगली सुनवाई जून में होगी।

### योगेंद्र तिवारी की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** शराब घोटाले की मनी लाउड्रिंग के आरोप में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने दो सप्ताह बढ़ा दी है। पीएमएलए कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आरोपी को पेश किया गया। अदालत ने आरोपी की हिरासत अवधि 28 मई तक बढ़ा दी है। अगली पेशी के दिन आरोपी को पुलिस पेपर सौंपा जा सकता है। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को बीते 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

### पंकज मिश्रा से जुड़े मामले में गवाही दर्ज

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1250 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा एवं अन्य से जुड़े मामले में बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में गवाही दर्ज की गई। ईडी ने अपने 20वें गवाह के रूप में अवध बिहारी लाल की गवाही दर्ज कराई। गवाह ने ईडी के चार्जशीट में पंकज मिश्रा पर लगे आरोप का समर्थन किया। अदालत ने अगली गवाही की तारीख 18 मई निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान मामले में जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया।

### सत्यम और अभिमन्यु साहु के खिलाफ आरोप तय

**रांची।** अवैध हथियार की तस्करी मामले में बालूमाथ निवासी अभिमन्यु साहु व सत्यम कुमार के खिलाफ एटीएस की विशेष अदालत में आरोप गठित किया गया। इस दौरान अदालत से आरोपी ने कहा कि आगे ट्रायल फेस करेगा। आरोपी ने खुद को निर्दोष बताया। सत्यम कुमार बीते 30 अगस्त व अभिमन्यु साहू बीते पांच दिसंबर से जेल में है। मामले में अब अभियोजन पक्ष की ओर से कल साक्ष्य प्रस्तुत किया जायेगा।

### हाईकोर्ट ने निगम से पूछा- सड़क पर दुकान लगाने वालों पर क्या कार्रवाई हो रही

**रांची।** रांची के वेंडर मार्केट में फुटपाथ दुकानदारों को स्थान दिए जाने के बाद भी सड़क के किनारे दुकान लगाने पर हाईकोर्ट ने नगर निगम से जवाब मांगा है। अदालत ने निगम को बताने के लिए कहा है कि सड़क पर दुकान लगाने के मामले पर निगम की ओर से क्या कार्रवाई की जा रही है। मामले की अगली सुनवाई ग्रीष्मावकाश के बाद होगी। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि कई दुकानदारों को वेंडर मार्केट में जगह दे दी गई है, लेकिन वह सड़क के किनारे ही दुकान लगाते हैं। नगर निगम की ओर से कहा गया कि लालपुर से डिस्टलरी पुल तक सड़क को खाली करा दिया गया है। अदालत ने कहा कि यह कार्य सिर्फ इसी क्षेत्र के लिए नहीं था। रांची में जहां पर भी सड़क के किनारे दुकानें लगती हैं उन क्षेत्रों में भी फुटपाथ दुकानदारों को हटाया जाए।

### वोटरों को जागरूक कर रहीं भाजपा की महिलाएं



रांची। भाजपा से जुड़ी महिलाएं लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के लिए पूरी कोशिश में जुटी हैं। ये महिलाएं घरों की रसोई तक जाकर महिलाओं को वोट देने के लिए प्रेरित कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला मोर्चा की नेत्री सह सांसद प्रतिनिधि कुमुद झा के नेतृत्व में पूरे लोकसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जनसम्पर्क कर लोगों को 25 मई को भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की गई।

# सांसद संजय सेठ ने किया जनसंपर्क, कहा- भाजपा विकास तो कांग्रेस तुष्टीकरण की करती है राजनीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि कमजोर वर्गों की आकांक्षाओं की पूर्ति करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना पीएम मोदी का लक्ष्य है। श्री सेठ बुधवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मचारियों पर ध्यान केंद्रित कर उनके सशक्तिकरण पर जोर देते हुये उन्हें बेहतर शिक्षा और रोजगार के लिये ऋण उपलब्ध करा रहे हैं। भाजपा का मूल मंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। इन्हीं मूल मंत्र के साथ हमारे प्रधानमंत्री काम करते हैं। वहीं, कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर चुनाव जीतना चाहती है। संजय सेठ ने बुधवार को हटिया विधानसभा के नगड़ी प्रखंड ऐडचेरो, साहेर, नगड़ी, नारो, ललगुटवा, नयासराय, दलादिली, रामपुर, गुंदली पोखर में अभियान चलाया।

मौके पर विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि आज झारखंड भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है इसलिए देश को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए रांची से सांसद संजय सेठ को जितायें। मौके पर सुरेंद्र महतो, प्रदीप सिन्हा, चूड़ामणि महतो, राकेश केसरी, नेहा सिंह, कुणाल साहदेव, कमलेश आदि थे।

# सुबोधकांत सहाय ने आंदोलनकारियों से बेटी यशस्विनी के लिए मांगा आशीर्वाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची के तत्वावधान में बुधवार को डोरंडा के झंडा चौक स्थित केंद्रीय कार्यालय में रांची लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया जो झारखंड आंदोलनकारियों की बात करेगा, उन्हें सिर्फ समर्थन ही नहीं बल्कि एक-एक वोट तथा अपना तन मन धन देकर लोकसभा का चुनाव जिताने का काम करेंगे।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबंध है। लोकसभा के चुनाव में जो झारखंड आंदोलनकारी को हितों में बात करेंगे झारखंड आंदोलनकारी उन्हें बढ़-चढ़कर लोकसभा के चुनाव में मदद करेंगे। झारखंड आंदोलनकारियों के अधिकारों व मांगों पर सकारात्मक पहल जल्द से जल्द हो। मौके पर सरोजिनी कच्छप ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपनी पहचान को लेकर मोहताज हैं। यह सबसे बड़ी बिडंबना है।

बैठक के दौरान आंदोलनकारियों से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने मोबाइल फोन द्वारा बातचीत की एवं राज्यहित में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारियों से बेटी यशस्विनी सहाय के लिए आशीर्वाद मांगा।

# अग्निशमन विभाग को मिलेगा 13 नया दमकल

**रांची।** अग्निशमन विभाग को जल्द ही 13 नये दमकल मिलनेवाला है। गर्मी में आग से मुकाबला करने के लिए फायर ब्रिगेड में 13 नये दमकल वाहन जुड़ेगा। दमकल के फेब्रिकेशन का काम पूरा हो गया है। अग्निशमन विभाग की चार सदस्यीय टीम दमकल वाहन के निरीक्षण के लिए महाराष्ट्र के पालघर रवाना हो गया है।

गौरतलब हो कि जून में सभी 13 दमकल वाहन झारखंड अग्निशमन विभाग के मुख्यालय आ जायेंगे। वर्तमान में राज्य में फायर ब्रिगेड के पास छोटे-बड़े मिलाकर कुल 129 फायर टेंडर हैं। 13 नये दमकल मिलने के बाद इसकी संख्या 142 हो जायेगी। गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा ने बताया कि चार सदस्यीय टीम दमकल वाहन का निरीक्षण करने महाराष्ट्र के पालघर गयी है। जून महीने तक अग्निशमन विभाग को सभी दमकल वाहन मिल जायेंगे।

# चेकिंग अभियान समाप्त होने के बाद सड़कों पर बढ़े बिना परमिट वाले ऑटो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चेकिंग अभियान रुकने से राजधानी की सड़कों पर फिर से बिना परमिट वाले ऑटो की संख्या बढ़ गयी है। इससे रातू रोड, सरकुलर रोड, रेडियम रोड, कचहरी रोड जाम की स्थिति हो जा रही है। अप्रैल में ट्रैफिक पुलिस और परिवहन पदाधिकारी के चेकिंग अभियान के चलते शहर में बिना परिमिट वाले ऑटो परिचालन में कमी आयी थी। इसके अलावा शहर में फुटपाथ में लगनेवाले अतिक्रमण हटाने को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी थी, जिससे शहर में जाम की स्थिति नहीं थी लेकिन जैसे ही चेकिंग अभियान बंद हुआ, बिना परमिट वाले ऑटो ग्रामीण इलाके से शहर में आकर चलने लगे।

**रांची निगम क्षेत्र में 5330 ऑटो का है परमिट** : रांची नगर निगम क्षेत्र में 5330 ऑटो (सीएनजी, पेट्रोल-डीजल) को परमिट दिया गया है जबकि 15 हजार से ज्यादा ऑटो बिना परमिट के चल रहे हैं। शहर में परमिट से तीन गुणा ज्यादा ऑटो चल रहे हैं। इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुधर नहीं रही है। ऑटो व ई-रिक्शा के परमिट की बात छोड़ दें तो इनके पास न ड्राईविंग लाइसेंस है, न इंश्योरेंस और न ही पॉल्यूशन सर्टिफिकेट। फिर भी धड़ल्ले से ऐसे ऑटो चल रहे हैं।

**ई-रिक्शा चालकों की मनमानी की वजह से राजधानी में हर दिन जाम**: रांची में पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के ऑटो के साथ-साथ ई-रिक्शा (टोटो)की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। रांची डीटीओ ऑफिस से 4500 से अधिक ई-रिक्शा निबंधित है, लेकिन रांची नगर निगम ने शहरी क्षेत्र में 994 ई-रिक्शा चलाने की ही अनुमति दी है। जबकि पांच हजार से अधिक ई-रिक्शा चलते हैं।

# अपनी हार को देखकर अब अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं पीएम मोदीः राणा

## 17,18 को चतरा और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क अभियान में शामिल होंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने धुर्वा स्थित राजद महासचिव कैलाश यादव के आवासीय कार्यालय में राजद के प्रमुख साथियों के साथ बैठक की। श्री राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान मुख्य एजेंडा से हटकर स्तरहीन बयानबाजी कर रहे हैं। देश में हिंदू मुस्लिम तुष्टिकरण करने के लिए लगातार प्रयास कर धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। लेकिन 4 चरणों के मतदान के लिए एनडीए को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यही कारण है कि हार के हताश में मुख्य मुद्दा को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

**देश के 40 फीसदी युवा, महिला परिवर्तन के लिए इंडिया गठबंधन को कर रहे वोट** : वहीं, प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा देश में 5वें चरणों के मतदान के साथ देश के 40 फीसदी युवा और महिला इस बार मोदी के झूठे सपने दिखाने के खिलाफ परिवर्तन के लिए इंडिया गठबंधन को वोट कर रहे हैं। भारत के भाग्य विधाता युवा वर्ग प्रचंड बेरोजगारी से परेशान हैं। पीएम मोदी के प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने का वादा फेल होने से युवा वर्ग मायूस हैं। मोदी सरकार के 10 वर्षो के कार्यकाल में लगभग 45 करोड़ बेरोजगारी बढ़ गई है। इसलिए युवा महिला किसान मजदूर और निम्न मध्यम व्यापारी वर्ग सहित आम जनता काफी अक्रोशित हैं। यादव ने कहा की चतरा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और कोडरमा से माले के विनोद सिंह के पक्ष में दिनांक 17,18 मई को चतरा में टंडवा बचरा तथा कोडरमा में तीसरी बेंगाबाद कोडरमा में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के दोनों उम्मीदवारों के पक्ष में कार्यक्रम कर वोट देने की अपील की जायेगी।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
**E-mail : ceocomputercell1@gmail.com**

**आम सूचना**

कोई मतदाता न छूटे

**लोकसभा आम निर्वाचन - 2024**
**पांचवां चरण**
**मतदान की तिथि - 20 मई, 2024**

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु **04-चतरा, 05-कोडरमा, 14-हजारीबाग** संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है:-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक क नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04 - चतरा | Nikhil Nirmal Mob.: 6204946414 | Gopesh Agrawal Mob.: 6206496097 | Saikat Basu Mob.: 6200319653 |
| 2. | 05 - कोडरमा | Alok Kumar Singh Mob.: 9304674574 | Nelli Kumar Subramanyam Mob.: 8987796321 | Gandhi Donthi Mob.: 8294677561 |
| 3. | 14 - हजारीबाग | Chandramauli Shukla Mob.: 8987796320 | Nelli Kumar Subramanyam Mob.: 8987796321 | Rajesh Vithalrao Shelke Mob.: 8987833278 21- Barhi, 22- Barkagaon & 25- Hazaribagh AC<br>Tangirala Muralidhar Mob.: 8092559737 23- Ramgarh & 24- Mandu AC |

04-चतरा, 05-कोडरमा, 14-हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - **1950 / 1800-331-1950**

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

PRNO 324845 (Election) 24-25

**(के0 रवि कुमार)**
**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड**

इस बार दिन भर मतदान
सुबह 07 से 05 बजे शाम।

## राज्य में भ्रष्टाचार का एक और बड़ा विकेट गिरा : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सत्ता पक्ष पर हमला बोला। उन्होंने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का आज एक और बड़ा विकेट गिरा। आलमगीर आलम को अरबों रुपये के टेंडर घोटाले मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है।

शाहदेव ने कहा कि यह नरेन्द्र मोदी का न्यू इंडिया है। यहां आप उच्च पद पर भी रहकर भ्रष्टाचार करके बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि यह तो शुरूआत है। अभी तो अरबों रुपये का जो टेंडर घोटाला हुआ है, उसकी जांच जारी रहेगी। इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी गिरफ्तार हो चुके हैं।

# जेसीएम ने यशस्विनी सहाय के पक्ष में चलाया संपर्क अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड छात्र मोर्चा (जेसीएम) ने बुधवार को इंडी गठबंधन की ओर से रांची सासंद पद की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में आगामी 25 मई को मतदान करने के लिए विभिन्न कॉलेजों में छात्र संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान नए वोटरों में फर्स्ट टाईम वोटिंग करने का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने युवा, पढ़ी-लिखी महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के पक्ष में वोटिंग करने और अपने परिवार का भी वोट दिलाने का भरोसा दिया। मौके पर झारखण्ड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, संयुक्त सचिव कासिफ रजा और डीएसपीएमयू सचिव अल्ताफ राजा मौजूद थे।

## गुरु अर्जन देव के शहादत दिवस पर कार्यक्रम दस जून को

**रांची।** गुरुद्वारा साहिब, मेन रोड में बुधवार को अपराह्न 3:30 बजे से सुखमणि साहिब जी का पाठ किया गया। पाठ प्रतिदिन सिख स्त्री सत्संग सभा की ओर से किया जा रहा है। गुरु अर्जन देव की रचित वाणी सुखमणि साहिब के सामूहिक पाठ श्रृंखला का समापन सात जून को होगा। नौ और दस जून को गुरु अर्जन देव जी का शहादत पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। नौ को दिन और रात में विशेष दीवान सजाया जाएगा। दस को गुरु नानक स्कूल परिसर में शहादत दिवस मनाया जाएगा। पटना साहिब के रागी भाई सरबजीत सिंह जी विशेष तौर पर आएंगे। स्त्री सत्संग सभा अध्यक्ष सुरेंद्र पाल कौर, सचिव खेम कौर, परमजीत कौर, संध्या रानी मेहता, सोनिया भसीन, तरनजोत कौर आदि सुखमणि साहिबजी पाठ में भाग ले रही हैं।

# नौ माह के शुभम को अगवा करनेवाला कौन! रांची पुलिस कर रही है तलाश

### रेलवे स्टेशन से 9 महीने के बच्चा चोरी मामले में पुलिस को नहीं मिला सुराग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से चार दिन पूर्व अगवा नौ माह का मासूम शुभम का अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बच्चे की बरामदगी के लिये चुटिया पुलिस ने एक एसआइटी का गठन किया है। गठित टीम आरोपियों की तलाश सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर रही है।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, बीते रविवार की देर रात 9 माह के शुभम को चोरों ने तब गायब कर दिया जब वह अपनी दादी के साथ सो रहा था, बच्चे के गायब करने की पूरी वारदात रांची रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी थी। उसके बाद से पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है।

**माता- पिता ने रेलवे स्टेशन को बनाया घर**

रांची रेलवे स्टेशन के बाहर से अगवा शुभम के माता- पिता का कहना है कि उनके बच्चे को अगवा किसने और क्यों किया, यह समझ से परे है। यह जानने के लिए पुलिस की टीम लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन चार दिन बाद भी नौ माह का शुभम मिल नहीं पाया है। शुभम के मां और पिता रांची रेलवे स्टेशन पर ही चार दिनों से भटक रहे हैं। शुभम के पिता अमित लोहरा ने बताया कि जब तक उनका बच्चा नहीं मिल जाता वे घर नहीं लौटेंगे।

**लातेहार का रहनेवाला है पीड़ित परिवार :** झारखंड के लातेहार के गारू के रहने वाले अमित लोहरा और उनकी पत्नी नीना देवी अपने नौ माह के बच्चे शुभम को अगरतला से रांची लौटे थे। लातेहार की ट्रेन नहीं मिलने की वजह से प्रदीप परिवार के साथ स्टेशन के बाहर ही रात गुजारी थी। उसी दौरान उनका बच्चा गायब हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद चुटिया और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। रांची रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी खंगालने पर पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा, फुटेज के आधार पर पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। अमित के बयान पर चुटिया थाने में तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### रांची में आठ लाख लोगों को नहीं मिला पानी

# आज हटिया से बाधित रहेगी जलापूर्ति रुक्का से आंशिक व अनियमित रहेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रुक्का वाटर ट्रिटमेंट प्लांट से निकलनेवाली विभिन्न लाइन की मरम्मति के कारण बुधवार को शहर में वाटर सप्लाई पूरी तरह से ठप रही। शहर के कम से कम आठ लाख लोगों को बुधवार को पानी नहीं मिला। अब रूक्का -हटिया लाइन में लीकेज हो गया है। जिसकी मरम्मति का कार्य गुरुवार को किया जायेगा। इसके कारण हटिया लाइन से आपूर्ति वाले क्षेत्र जैसे कांटाटोली, डोरंडा और अशोक नगर तथा आसपास के क्षेत्र में वाटर सप्लाई पूरी तरह से ठप रहेगी। रूक्का कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर के अनुसार कोकर के सैमफोर्ड अस्पताल के पास हेवी लिकेज है। जिसकी मरम्मत होनी है। रूक्का प्लांट से बूटी जलागार तक विभिन्न राइजिंग पाइप लाइनों का लीकेज ठीक करने के लिए बुधवार की सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक रुक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही। बुधवार को रुक्का से निकलनेवाले मेन राइजिंग पाइप लाइन मनन विद्यालय नियर जुमार पुल, बांसजुड़ नियर रुक्का, रंगलौरी ब्रिज नंरब 03, वेल्डिंग रिपेयरिंग नियर एनसीसी कैंप रुक्का और वेल्डिंग रिपेयरिंग नियर ओल्ड डब्लूटीपी नियर रुक्का के पास मरम्मति कार्य किया गया। इस कारण देर शाम तक रुक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहा।

**इन क्षेत्रों में बाधित रही वाटर सप्लाई :** पाइप लाइनों की मरम्मत के कारण इरबा, बूटी मोड़, विकास, बीआईटी, दीपाटोली, कोकर, कांटाटोली, एमइएस नामकुम, रेलवे कॉलोनी, निवारणपुर, मेन रोड, चुटिया, बहु बाजार, सिरमटोली, हिंदपीढ़ी, चर्च रोड, लालपुर, वर्द्धमान कंपाउंड, बरियातू रोड, रिम्स, मोरहाबादी, अपर बाजार, हरमू रोड, रातू रोड, पिस्का मोड़, मधुकम, महुआ टोली, पहाड़ी मंदिर क्षेत्र, कुम्हार टोली, केशव नगर, किशोरगंज, कैलाश नगर, गाड़ीखाना चौक और आसपास के इलाकों में वाटर सप्लाई बाधित रही।

**आज भी आंशिक और अनियमिति रहेगी जलापूर्ति :** तय समय सात बजे तक मरम्मति कार्य पूरी नहीं हो सकती। इसलिए अब देर रात ही रुक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई शुरू हो सकता है। रुक्का डिविजन से मिली जानकारी के अनुसार रुक्का से पानी सप्लाई रात के नौ बजे के बाद शुरू होगा। इसके साथ ही बूटी जलागार में रात के 12 बजे के बाद आयेगा। इसलिए 16 मई को भी शहर में रुक्का से अपूर्ति होनेवाले क्षेत्रों में अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति की स्थिति बनी रहेगी।

## शिक्षा सचिव से मिला झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ, गर्मी छुट्टी बढ़ाने की मांग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ की प्रदेश इकाई ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू के नेतृत्व में विभागीय सचिव से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रीष्म अवकाश अवधि को विस्तारित करने का अनुरोध किया। संघ ने सरकार से कहा है कि जो भी शिक्षक 6 अवकाश से वंचित रह गये हैं, उनका समायोजन ग्रीष्मकालीन अवकाश में करते हुए पहले की तरह ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 8 जून तक घोषित किया जाए।

अगले सत्र से राज्य द्वाया जारी अवकाश तालिका का अनुपालन किया जा सकता है। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा है कि बार बार विभाग द्वारा नये नये प्रयोग से स्कूली शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# हार्ट अटैक से पीड़ित व्यक्ति को सीपीआर देने की दी गयी ट्रेनिंग

### सदर हॉस्पिटल के डॉक्टर ने कर्मियों, व्यापारियों और मोटिया-मजदूरों को किया अवेयर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कृषि उत्पादन बाजार समिति रांची के सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से ट्रेनिंग सह अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ह्रदयघात (हार्ट अटैक) से पीड़ित व्यक्तियों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससीटेशन) देने के बारे में जागरूक करने को ट्रेनिंग दी गयी।

एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को अवेयर करने के लिए सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरीशचन्द्र एवं उनके सहयोगी प्रकाश अवस्थी उपस्थित थे। इस दौरान डॉ अवस्थी ने उपस्थित व्यापारी, चैंबर के पदाधिकारी, समिकि के कर्मी और मोटिया-मजदूरों को इससे बचने के टिप्स




दिये। जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 100 की संख्या में लोग शामिल थे। समिति के सचिव उत्तम कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों की टीम ने ह्रदयघात (हर्ट अटैक) से पीड़ित व्यक्तियों को सीपीआर देने को जागरूक किया। इस मौके पर रांची चैंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी, करने को ट्रेनिंग दी गयी। उपस्थित मोटिया मजदूरो, व्यवसायियों एवं व्यवसायी संघ के अध्यक्ष संजय महुरी तथा आलू-प्याज थोक विक्रेता संघ के मदन प्रसाद और रवि कुमार के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारी, समिति के कर्मचारी और मोटिया-मजदूर शामिल थे। इस दौरान सभी को जागरूक किया गया।

# आजसू छात्र संघ ने आरयू के वीसी से इंडोर स्टेडियम के निर्माण की मांग की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू पार्टी) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को बुधवार को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें रांची विश्वविद्यालय में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग की गई। विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों में जगह की कमी होने के कारण खेलों का आयोजन नहीं हो पाता है। इससे रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत पढ़ने वाले छात्र - छात्राएं एवं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के अनुसार खेलने में चुनौती आयोजन रही है। रांची विश्वविद्यालय के द्वारा खेल शुल्क के नाम हर वर्ष छात्र-छात्राओं से फीस ली जाती है, परंतु उनके हिसाब से सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे में आजसू छात्र हित में मांग करता है कि इंडोर स्टेडियम की स्थापना हो।

## मारवाड़ी युवा मंच की समर्पण शाखा ने स्थाई प्याऊ का किया उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने बुधवार को अमृतधारा महोत्सव के अंतर्गत पाँचवी स्थाई अमृतधारा की स्थापना की। शिव मंदिर सेवा सदन पार्क में यह स्थाई अमृतधारा लगाई गई है। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, निकिता जालान, शशि बंका, पूजा अग्रवाल और कोमल पोद्दार उपस्थित थीं।

### झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं में आक्रोश

# जस्टिस राजेश कुमार के कोर्ट को अटेंड नहीं करेगा एडवोकेट एसोसिएशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन ने जस्टिस राजेश कुमार के कोर्ट को अगले फैसले तक अटेंड नहीं करने का फैसला लिया है। इसकी वजह है अधिवक्ता बिनोद कुमार झा के लाइसेंस का सस्पेंड करने और मानहानि के नोटिस का विरोध बुधवार को एडवोकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने हाईकोर्ट नंबर-1 के गेट के पास आकस्मिक जनरल बॉडी की मीटिंग बुलाई। दोपहर 12.50 बजे हुई मीटिंग में कहा गया कि अधिवक्ता बिनोद कुमार झा के बार काउंसिल लाइसेंस को जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने सस्पेंड कर दिया है। उन्हें कोर्ट की अवमानना का नोटिस भी दिया गया है। ऐसा करने से पहले अधिवक्ता बिनोद कुमार झा को शो-कॉज भी नहीं किया गया। एसोसिएशन की दलील है कि बिना किसी गलती के उनका लाइसेंस सस्पेंड करने का आदेश दिया गया है। मीटिंग के बाद एडवोकेट एसोसिएशन ने 14 मई को सेकेंड हाफ में सभी कोर्ट की कार्यवाही में भाग लेने से इनकार कर दिया। एसोसिएशन ने फैसला लिया है कि जबतक जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट अपना आदेश वापस नहीं लेती है, तबतक एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता उनके कोर्ट को अटेंड नहीं करेंगे। आगे की रणनीति को लेकर 16 मई को सुबह 10.15 बजे फिर से जेनरल बॉडी की मीटिंग कोर्ट नंबर-1 के गेट के सामने बुलायी गई है।

## बिना सूचना दिये नौकरी से निकाला, सरना समिति करेगी आंदोलन

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केन्द्रीय कार्यालय 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में नगर निगम रांची के जल आपूर्ति शाखा के दैनिक मजदूर समिति के आवेदन देकर मदद की गुहार लगायी। उन्होंने बताया कि 13-14 वर्षों से जल आपूर्ति विभाग में चापाकल बनाने एवं पाइप मरम्मत का काम कर रहे हैं। कोरोना काल के समय भी अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए लोगों की सेवा कर रहे थे। परंतु हमें बिना सूचना दिये ही नौकरी से निकाल दिया गया। केन्द्रीय सरना समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने मजदूरों को उनका दिलाने के लिए भरोसा दिलाया।

# कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के विवान शौर्य ने पेंटिंग में जीते तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

### त्रिपुरा में आयोजित प्रतियोगिता में मिला तीन प्रथम पुरस्कार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा के रहने वाले कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के 7 साल के विवान शौर्य ने अपनी प्रतिभा के बल पर झारखण्ड का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। उन्होंने इस उम्र में त्रिपुरा राज्य की प्रतिष्ठित संस्था रोंगतुली के द्वारा आयोजित तीन ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुरस्कार स्वरूप उन्हें तीन ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं। विवान ने ऐसो दुर्गा, बाल दिवस एवं नववर्ष प्रतियोगिताओं में बेस्ट अचीवमेंट अवार्ड जीता। इस प्रतियोगिता में किसी भी आयु के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते थे। विवान ने अपने आयु वर्ग तीन प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर इस प्रतियोगिता में एक नया कीर्तिमान बनाया है। विवान अभी जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में कक्षा 3 का छात्र है। इस अवसर पर विवान के विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री समरजीत जाना एवं सभी शिक्षकों ने भी बधाई दी। इससे पूर्व विवान ने सबसे कम उम्र में 129 पेंटिंग्स बनाने के लिए अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया था। विवान के गुरु और पिता धनंजय कुमार खुद भी प्रख्यात चित्रकार हैं और कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के संस्थापक हैं। उन्होंने बताया कि विवान ने लॉकडाउन के समय का सदुपयोग कर पेंटिंग्स बनाना शुरू किया और लगभग 150 से अधिक पेंटिंग्स बनाई। इस दौरान विवान ने 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के पुरस्कार भी प्राप्त किए।

विवान की मां रजनी कुमारी ने बताया कि विवान पेंटिंग के अलावा एक्टिंग, रोल प्ले, कहानी वचन, भाषण, कविता वचन और पियानो में भी अपनी प्रतिभा से बड़े-बड़े मंच पर प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

# सफल छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल ने बुधवार को स्कूल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) विनय कुमार सिंह छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीईओ ने छात्रों के मेहनत एवं लगन की सराहना करते हुए आगे भी ऐसी प्रतिभा को प्रदर्शित कर क्षेत्र और राज्य का मान बढ़ाने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों की भी छात्रों की सफलता के लिए सराहना किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहां की वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में राईन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए मेहनत एवं लग्न के साथ परीक्षा में अपना परचम लहराया है।

**डीइओ ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर किया सम्मानित**

इस मौके पर प्रिंसिपल फरहीन नाज, शिक्षक रिजवाना खातून, सुषमा फेरदिना ,फरहा शमीम, रोकैया तबस्सुम, सायमा अर्शी, सारिया फिरदौस, हुमा परवीन, कनीज फातिमा, शादाब परवीन, निकहत परवीन, शगुफ्ता शाहीन, नुसरत परवीन समेत स्कूल परिवार के अन्य लोग उपस्थित थे।

# विभिन्न रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों का केंद्र रहा सरला बिरला पब्लिक स्कूल

### समर कैंप एक्सट्रावेगेंजा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बुधवार को समर कैंप एक्सट्रावेगेंजा का आयोजन किया गया। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की किलकारियों, उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर द्वारा किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसा अवसर प्रदान करना था,जिनमें वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल को उभार सकें। कविता द्विवेदी द्वारा ओडिसी नृत्य पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई जो स्पिक मैके से संबंधित थी । उन्होंने छात्रों को इस नृत्य शैली के महत्व और प्रासंगिकता से अवगत कराते हुए बहुत ही शालीनता और सुंदरता के साथ प्रशिक्षित किया। ब्रश एंड बियॉन्ड के अंतर्गत पारंपरिक कला रूपों को ध्यान में रखते हुए छात्रों को सोहराई और मधुबनी पेंटिंग सिखाए गए । इसके अलावा छात्रों ने बुकमार्क बनाना, क्ले मॉडलिंग, छाता पेंटिंग, रचनात्मक फाइल कवर बनाना, टी-शर्ट पेंटिंग आदि



भी सीखा। हेरिटेज एंड हार्मनी के छात्र विभिन्न लोक- नृत्य पर थिरकते नजर आएं। अतिथि शिक्षक ने, मैथ मैजिक के तहत गणित के कठिन से कठिनतम सवालों को चुटकियों में सुलझाने का ट्रिक बताया जिससे बच्चों का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ते देखा गया। एनईपी 2020 के कौशल आधारित शिक्षा के मुख्य उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इस समर कैंप में शिक्षकों द्वारा प्रत्येक बच्चे की क्षमता और कुशलता को निखारने तथा मांजने का कार्य किया गया।

# राजस्थान को लगातार चौथे मैच में मिली हार

## पंजाब किंग्स ने राजस्थान को पांच विकेट से हराया, करन अर्धशतक लगाकर नाबाद लौटे

एजेंसी

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स को पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी टूनार्मेंट में लगातार चौथी हार है। राजस्थान इस हार के बावजूद 16 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, लेकिन अगर उसे शीर्ष-दो में बने रहना है तो कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच को हर हाल जीतना होगा। आइपीएल में पहली बार केकेआर की टीम तालिका में शीर्ष पर रहकर ग्रुप चरण का अभियान समाप्त करेगी। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रियान पराग के 34 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 48 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन बनाए थे। पंजाब की ओर से कप्तान सैम करन, हर्षल पटेल और राहुल चाहर ने दो-दो विकेट अपने नाम किए और राजस्थान को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। जवाब में पंजाब ने कप्तान सैम करन के 41 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 63 रन के दम पर सात गेंद शेष रहते पांच विकेट से जीत दर्ज की। पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा 11 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की ओर से आवेश खान और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिए।



### तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद राजस्थान

राजस्थान की टीम 13 मैचों के बाद आठ जीत और पांच हार के साथ 16 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद है, जबकि पंजाब की टीम 13 मैचों में पांच जीत और आठ हार के साथ 10 अंक लेकर नौवें स्थान पर है। राजस्थान का आखिरी मैच तालिका में शीर्ष पर चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स से है, जबकि पंजाब को अब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ना है।

### करन का ऑलराउंड प्रदर्शन

पंजाब के कप्तान सैम करन ने इस मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन किया। पहले उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाया और राजस्थान को शुरूआती झटका दिया। इसके बाद जब लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की पारी लड़खड़ाई तो उन्होंने बल्ले से उम्दा प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। राजस्थान की तरह ही पंजाब ने भी पहले ही ओवर में विकेट गंवाया। ट्रेंट बोल्ट ने प्रभसिमरन सिंह को आउट कर पंजाब को शुरूआती झटका दिया। प्रभसिमरन छह रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पंजाब की पारी लड़खड़ाई गई और उसने राइली रूसो 13 गेंदों पर 22 रन, शशांक सिंह खाता खोले बिना और जॉनी बेयरस्टो 14 रन पर लगातार विकेट गंवाए। हालांकि, करन का जितेश शर्मा ने अच्छा साथ निभाया, लेकिन जितेश भी 20 गेंदों पर 22 रन बनाकर आउट हुए। फिर करन ने दूसरे छोर से मोर्चा संभाला और टीम को जीत दिलाई। इससे पहले, राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, लेकिन पंजाब के कप्तान सैम करन ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को आउट कर राजस्थान को झटका दिया। यशस्वी एक बार फिर बल्लेबाजी में प्रभावित करने में नाकाम रहे और चार गेंदों पर चार रन बनाकर पवेलियन लौटे।

**राजस्थान 144/9 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल बोल्ड सैम करन | 04 | 04 | 01 | 00 |
| कैडमोर कै. जितेश बो. राहुल | 18 | 23 | 02 | 01 |
| सैमसन कै. चाहर बो. एलिस | 18 | 15 | 03 | 00 |
| पराग एलबीडब्ल्यू हर्षल | 48 | 34 | 06 | 00 |
| अश्विन कै. शशांक बो. अर्शदीप | 28 | 19 | 03 | 01 |
| जुरेल कै. ब्रार बो. सैम करन | 00 | 01 | 00 | 00 |
| पॉवेल कै.एंड बो राहुल चाहर | 04 | 05 | 01 | 00 |
| फरेरा कै. रूसो बो. हर्षल | 07 | 08 | 00 | 00 |
| ट्रेंट बोल्ट रन आउट | 12 | 09 | 02 | 00 |
| आवेश खान नाबाद | 03 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 02

**विकेट पतन** : 4-1, 40-2, 42-3, 92-4, 97-5, 102-6, 125-7, 138-8, 144-9.

**गेंदबाज** :सैम करन : 3-0-24-2, अर्शदीप सिंह : 4-0-31-1, नाथन एलिस : 4-0-24-1, हर्षल पटेल : 4-0-28-2, राहुल चाहर : 4-0-26-2, हरप्रीत ब्रार : 1-0-10-0.

**पंजाब 145/5 (18.5 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. चहल बो. बोल्ट | 06 | 04 | 01 | 00 |
| बेयरस्टो कै. पराग बो. चहल | 14 | 22 | 01 | 00 |
| रूसो कै. जयसवाल बो. आवेश | 22 | 13 | 05 | 00 |
| शशांक एलबीडब्ल्यू आवेश | 00 | 02 | 00 | 00 |
| सैम करन नाबाद | 63 | 41 | 05 | 03 |
| जितेश कै. पराग बो. युजवेंद्र | 22 | 20 | 00 | 02 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 17 | 11 | 01 | 01 |

**अतिरिक्त** : 01

**विकेट पतन** : 6-1, 36-2, 36-3, 48-4, 111-5.

**गेंदबाज** : ट्रेंट बोल्ट : 3-0-27-1, संदीप शर्मा : 4-0-28-0, आवेश खान : 3.5-0-28-2, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-31-0, युजवेंद्र चहल : 4-0-31-2.

### राजस्थान की पारी लड़खड़ाई

पहला झटका लगने के बाद राजस्थान की पारी लड़खड़ा गई और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन भी कुछ खास नहीं कर सके और 18 रन बनाकर आउट हुए। सैमसन भले ही बड़ी पारी नहीं खेल सके, लेकिन उन्होंने आइपीएल 2024 में 500 रन पूरे कर लिए। राजस्थान ने पावरप्ले में काफी खराब प्रदर्शन किया और सिर्फ 38 रन ही बना सकी। राजस्थान इस सीजन पावरप्ले में सबसे कम छक्के लगाने वाली दूसरी टीम बनी। राजस्थान ने मौजूदा सीजन में पावरप्ले के दौरान 17 छक्के लगाए हैं। पंजाब के गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और राजस्थान के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। राजस्थान ने पावरप्ले के बाद सैमसन के अलावा टॉम कोहलर कैडमोर 18 रन बनाकर आउट हुए।

**आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 09 | 03 | 01 | 19 | +1.428 |
| राजस्थान | 13 | 08 | 05 | 00 | 16 | +0.273 |
| चेन्नई | 13 | 07 | 06 | 00 | 14 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 | -0.787 |
| गुजरात | 13 | 05 | 07 | 01 | 11 | -1.063 |
| पंजाब | 13 | 05 | 08 | 00 | 10 | -0.347 |
| मुंबई | 13 | 04 | 09 | 00 | 08 | -0.271 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 661 |
| गायकबाड | चेन्नई | 583 |
| हेड | हैदराबाद | 533 |
| पराग | राजस्थान | 531 |
| साई | गुजरात | 527 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल | पंजाब | 22 |
| बुमराह | मुंबई | 20 |
| वरूण | कोलकाता | 18 |
| चहल | राजस्थान | 17 |
| खलील | दिल्ली | 17 |

## हैदराबाद की नजरें प्लेऑफ में जगह बनाने पर

**हैदराबाद।** प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिये गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी। पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है।

## कार्लसन नें जीता सुपरबेट रैपिड ब्लिट्ज शतरंज का खिताब

एजेंसी

**वारशा, पोलैंड।** इस वर्ष 2024 का ग्रांड चैस टूर के पहले पड़ाव सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज का खिताब विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन मैगनस कर्सलन नें एक बार फिर अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही कार्लसन नें एक बार फिर से बता दिया की फिलहाल वही हर फॉर्मेट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है। रैपिड के मुकाबलों के बाद कार्लसन चीन के वे यी से 1 अंक पीछे चल रहे है पर दो दिन तक 18 राउंड तक चले ब्लिट्ज के मुकाबलों के दौरान उन्होने वापसी करते रहे कुल 25.5 अंको के साथ पहला स्थान हासिल कर लिया , इस दौरान कार्लसन नें लगातार 10 मुकाबले जीते। चीन के वे यी 24.5 अंक बनाकर दूसरे तो पोलैंड के यान डूड़ा 18.5 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय खिलाड़ियों में प्रज्ञानन्दा नें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह 18 अंक बनाकर चौंथे स्थान पर रहे , भारत के ही अर्जुन एरीगैसी 17.5 अंक बनाकर उज्बेक्सितान के अब्दुसत्तोरोव के साथ सयुंक्त पांचवें स्थान पर रहे।

अन्य खिलाड़ियों में रोमानिया के किरिल शावचेंकों 15 अंक , नीदरलैंड के अनीश गिरि 13.5 अंक , जर्मनी के विन्सेंट केमर 13 अंक और भारत के डी गुकेश 12 अंक बनाकर क्रमशः सातवे से दसवें स्थान पर रहे । इन सभी खिलाड़ियों में कुल मिलाकर 175000 यूएस डॉलर पुरूस्कार के तौर पर वितरित किए गए।

## रेप मामले में संदीप लामिछाने हुए बरी, क्या टी20 विश्व कप 2024 में आएंगे नजर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नेपाल क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने को पाटन हाई कोर्ट के द्वारा रेप केस से बरी कर दिया गया है। क्रिकेट पर एक नाबालिक से बलात्कार के आरोप लगे थे। इन आरोपों के चलते संदीप को काठमांडू जिला अदालत द्वारा जनवरी में 8 साल जेल की सजा सुनाई कई थी। इसके बाद संदीप ने हाई कोर्ट में अपने इस केस की अपील दायर की थी, जिस पर आज यानी बुधवार को क्रिकेटर की सुनवाई पाटन हाई कोर्ट में हुई, जहां उन्हें न्यायाधीश सुदर्शन देव भट्टा व अंजू उपेत्री की संयुकत पीठ ने दोष मुक्त पाया और उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। क्रिकेटर के ऊपर 21 अगस्त 2022 को एक नाबालिक के साथ रेप मामले में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी। इसके बाद काठमांडू जिला अदालत में क्रिकेटर के खिलाफ केस चला और 4 नवंबर 2023 में उन्हें जेल की सजा सुनाई। इसके बाद 12 जनवरी 2024 उन्हें जमानत मिली, इस दौरान उन्हें 20 लाख रुपये की जमानत राशि देनी पड़ी थी। संदीप को विदेश यात्रा करने से भी रोक दिया गया था।

## अर्जुन एरीगैसी नें जीत से खोला खाता

**शारजाह।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर टूनार्मेंट में से एक शारजाह मास्टर्स 2024 की शुरूआत हो गई है और इस बार भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरीगैसी को टूनार्मेंट में शीर्ष वरीयता दी गयी है, विश्व के नंबर 8 खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी नें पहले राउंड में अजरबैजान के एलताज साफरली को मात देते हुए जीत से अपनी शुरूआत कर ली है, अर्जुन नें सफेद मोहरो से खेलते हुए सिसिलियन नजडोर्फ ओपनिंग में अपने प्यादो के बेहतरीन खेल से एलताज को बिना कोई मौका दिये खेल अपने नाम कर लिया।

## पाक ने आयरलैंड को हराकर सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान बनाम आयरलैंड के बीच खेली जा रही टी20 सीरीज को पाकिस्तान ने जीत लिया है। पहला मुकाबला हारने के बाद पाकिस्तान ने लगातार 2 मैचों में शानदार कमबैक किया है। तीसरे टी20 में भी पाकिस्तान ने आयरलैंड पर शानदार जीत हासिल की है। कप्तान बाबर आजम ने इस मैच में अपना 39वां अर्धशतक लगाया। इसके अलावा बाबर आजम ने आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर क्लास ली। तीसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 का स्कोर बनाया। जिसके जवाब में पाकिस्तान ने इस स्कोर को 17 ओवर में हासिल कर लिया। पाकिस्तान की तरफ से बाबर आजम ने 75 और मोहम्मद रिजवान ने 75 रन की पारी खेली। पारी को 14वां ओवर बेन व्हाइट करने आए जिसमें उन्होंने उनकी शानदार क्लास लेते हुए 4 छक्के जड़े। बाबर आजम ने पूरी पारी के दौरान 5 छक्के लगाए जिसमें 4 छक्के 14वें ओवर में ठोके। इसके अलावा पाकिस्तान की इस मैच में शानदार गेंदबाजी की है। शाहीन अफरीदी ने चार ओवरों में 14 रन देकर 3 विकेट झटके। इसके अलावा अब्बास अफरीदी ने 43 रन देकर 2 विकेट झटके। हालांकि, सीरीज में आयरलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। आयरलैंड की टीम ने पाकिस्तानी बॉलिंग अटैक के सामने काफी अच्छा स्कोर बनाया है।

बता दें कि पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के लिए अभी तक अपने स्क्वाड़ का ऐलान नहीं किया है। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप में हाईवोल्टेज ड्रामा 9 जून को होगा। इससे पहले पाकिस्तान की टीम टीम के खिलाड़ियों को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

## अंजुम, ऐश्वर्या तीसरे 50 मीटर राइफल 3पी ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहे

एजेंसी

**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मौदगिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर यहां एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी की रेंज में बुधवार को महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल टी3 क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहे। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में लगातार 20-शॉट्स के बाद, अंजुम ने 592/600 का स्कोर बनाया, जो अब तक का उनका उच्चतम ओएसटी है, जबकि ऐश्वर्या ने 590 का एक और गुणवत्तापूर्ण स्कोर बनाकर पांच-खिलाड़ियों के क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के फाइनल के लिए यह जोड़ी अपने चार अन्य प्रतिस्पर्धियों के साथ गुरुवार की सुबह वापस आती है,



जहां महत्वपूर्ण पोडियम अंक हासिल करने के लिए होते हैं, जो कि अंत तक की लड़ाई के लिए तैयार होते हैं। भारत की नंबर एक और फाइनल विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर समरा महिलाओं की 3पी में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि तीन अन्य, आशी चौकसे, निश्चल और श्रीयंका सदांगी ने समान कुल 585 का स्कोर बनाया। पुरुषों के 3पी में, स्वप्निल कुसाले ने 587 के स्कोर के साथ एक अच्छा ट्रायल रन बढ़ाया और ऐश्वर्या के बाद दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योरण ने 584 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जो अब तक के तीन ट्रायल में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। चैन सिंह और नीरज कुमार 583 अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। 3पी ओएसटी टी3 फाइनल के अलावा, गुरुवार को पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 मैचों का क्वालिफिकेशन राउंड भी निर्धारित है।

## हॉकी इंडिया ने कोचिंग के लिए बेसिक स्तर के पाठ्यक्रम की शुरूआत की

**नयी दिल्ली।** देश में हॉकी की सर्वोच्च संस्था हॉकी इंडिया ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ियों सहित कोचिंग करियर बनाने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए बेसिक स्तर का पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। यह कोचिंग कोर्स लेवल बेसिक 24 से 29 जून तक ऑनलाइन आयोजित होगा और इसमें पांच बैच शामिल होंगे, प्रत्येक में 40 उम्मीदवार होंगे। पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन प्रारूप और अनुसूची के बारे में विवरण चयनित प्रतिभागियों को सूचित किया जाएगा। यह कोर्स हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे डेवलपमेंट प्रोग्राम का हिस्सा है और इसका उद्देश्य इच्छुक कोचों को विकसित और शिक्षित करना है, जिससे उन्हें एफआईएच स्तर के कोचिंग पाठ्यक्रमों की ओर आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके।

## नीरज ने लगाया स्वर्ण पर निशाना, जेना चूके

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में चल रहे फेडरेशन कप के भाला फेंक स्पर्धा के नतीजे आ चुके हैं। भारत के स्टार एथलीट और टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने भी इसमें हिस्सा लिया और उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नीरज के अलावा किशोर जेना और डीपी मनु ने भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नीरज और जेना पहले ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं और इसी वजह से सीधे फाइनल्स में उतरे थे। नीरज ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, डीपी मनु 82.06 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उत्तम पाटिल ने 78.39 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

### नीरज ने तीन साल बाद घर में खेला टूनार्मेंट, जेना का खराब प्रदर्शन




यह पिछले तीन साल में पहला अवसर था, जब यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नीरज ने इससे पहले पिछली बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब भी उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। किशोर जेना ने पिछले साल एशियाई खेलों में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता था। हालांकि, 2024 में अब तक के नौ प्रयासों में उन्होंने अभी तक 80 मीटर भी पार नहीं किया है। ओलंपिक से ठीक कुछ महीने पहले, यह भारत के लिए निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

**ओलंपिक से पहले खुद पर ज्यादा दबाव देते नहीं दिखे नीरज:** यह साफ दिखा कि नीरज चोपड़ा ने खुद पर बहुत अधिक दबाव नहीं दिया, क्योंकि वह चोट से लगातार जूझते रहे हैं और ओलंपिक से पहले खुद को फिट रखना चाहते हैं। उन्होंने केवल पांच दिन पहले डायमंड लीग कार्यक्रम में भाग लिया था। मनु ने कुछ बार 80 मीटर को पार किया, लेकिन जेना का इस साल भयानक प्रदर्शन जारी है। वह फेडरेशन कप में भी 76 मीटर का आंकड़ा नहीं पार कर पाए। ओलंपिक से पहले उन्हें काफी मेहनत करने की जरूरत है।

**नीरज को देखने के लिए स्टेडियम में उमड़ी भीड़:** नीरज को खेलता देखने के लिए स्टेडियम में काफी भीड़ उमड़ी थी। नीरज ने डीपी मनु पर 21 सेंटीमीटर की बढ़त के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह चौथे प्रयास के बाद ही अपना सामान पैक करते दिखे थे। अब नीरज 28 मई को वापस से प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। वह ओस्ट्रावा, चेकिया में टूनार्मेंट में हिस्सा लेंगे। यह एक विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल इवेंट है।

## थाईलैंड ओपन: सात्विक-चिराग दूसरे दौर में, प्रणय हारे

एजेंसी

**बैंकॉक।** बुधवार को थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूनार्मेंट में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी शानदार जीत हासिल कर मेंस डबल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। लेकिन थाईलैंड ओपन के मेंस सिंगल के शुरूआती दौर में हमवतन एचएस प्रणय को मीराबा लुवांग मैसनाम के हाथों हार मिली। इस हार से पांचवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय को बड़ा झटका लगा है। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग को शुरूआती दौर में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरीन अयूब अजरीन और टैन वी कियोंग की जोड़ी को 21-13, 21-13 से हरान में सिर्फ 34 मिनट लगे। सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी अगले दौर में जी हाओ नान और जेंग वेई हान की चीनी जोड़ी से भिड़ेगी. इस मैच के काफी धमाकेदार होने की उम्मीद है।




### एचएस प्रणय को मिली हार

इन दोनों के अलावा प्रणय पहली बाधा पार करने में असफल रहे और 55 मिनट तक चले मैच में मीराबा से 19-21, 18-21 से हार गये। अब अगले दौर में मीराबा का मुकाबला डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा, जिन्होंने भारत की किरण जॉर्ज को 21-15, 13-21, 21-17 से हराया था। प्रणय की ये हार भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### अश्मिता चालिहा ने भी जीता अपना मैच



महिला के मैचों की बात करें तो, महिला एकल में, अश्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरुमी ट्राई वाडोयो को कड़े संघर्ष के बाद 19-21, 21-15, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। लेकिन दूसरे दौर में अश्मिता का कड़ा मुकाबला इंतजार कर रहा है क्योंकि उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान यू से होगा। यू ने मालविका बंसोड के रूप में एक अन्य भारतीय पर 21-11, 21-10 से आसान जीत दर्ज की। इसके अलवा अन्य भारीतय शटलर उन्नति हुडा भी शुरूआती राउंड को पार करने में असफल रहीं और बेल्जियम की लियान टैन के खिलाफ गेम 21-14, 14-21, 9-21 से हार गईं।

## हॉस्स्टार दिखायेगा 'फ्री' टी-20 विश्वकप

**मुंबई।** डिज्नी हॉटस्टार ने क्रिकेट प्रशंसको के समर्थन में दो जून से होने वाले टी-20 विश्वकप 2024 के मैचों का मोबाइल पर 'फ्री' सीधा प्रसारण करने की घोषणा की है। बुधवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान की सफलता के बाद, डिज्नीप्लस हॉटस्टार एक बार फिर युवा सुपरस्टार कार्तिक आर्यन के साथ नए अभियान, फ्री फॉर ऑल, हर मैच हर बॉल का चेहरा बन गए हैं। अभियान के लिए हाल ही में जारी की गई विज्ञापन फिल्म में बॉलीवुड स्टार टूनार्मेंट के लिए डिज्नीप्लस हॉटस्टार की 'मोबाइल पर मुफ्त' पेशकश के बारे में बताते नजर आ रहे है।

## चोटिल रबाडा आइपीएल से बाहर, स्वदेश लौटे

**केप टाउन।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हो कर स्वदेश लौट आये हैं। रबाडा ने पंजाब किंग्स के लिए 11 मैच खेले और 8.85 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए है। पंजाब किंग्स के प्लेऑफ से बाहर होने के बाद चोटिल रबाडा को दक्षिण अफ्रीका वापस जाने की अनुमति दी गई।

## मैं हर समय मैदान में रहना चाहता हूं: ऋषभ पंत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि लंबे समय के बाद मैदान में आने पर मुझे हर किसी का समर्थन मिला और हर चीज पसंद आई। उन्होंने कहा कि मैं हर समय मैदान में रहना चाहता हूं।

